संत कृपाल सिंह
विधि महाविद्यालय

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 02/10/2018 दिन मंगलवार को गांधी जयन्ती के अवसर पर संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका विषय "वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महात्मा गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता" था। इस परिचर्चा में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने महात्मा गांधी जी के विचारो एवं जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं पर अपनें विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्रों ने गांधी जी के विचारों में ईमानदारी, सत्य और अहिंसा, मानव सेवा, स्वराज एवं विधिक क्षेत्र में गांधी जी से प्रयासों पर चर्चा की।

परिचर्चा का संचालन LL.B. प्रथम वर्ष के छात्र संजय सिंह ने किया तथा शिवाकान्त मिश्रा, विक्रम यादव, अर्पित जैन, राजेश कुमार यादव, अरविन्द कुमार, ज्ञानेश्वर मिश्रा, जूली धुरिया, कीर्ति गुप्ता एवं अन्य छात्रों ने परिचर्चा में भाग लिया ।

परिचर्चा के समापन में प्रबन्धक श्री यश शिवहरे व अध्यक्ष श्री विजय कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक गण ने महात्मा गांधी जी के संकल्पों पर प्रकाश डाला।

**प्राचार्य**